पेज थ्री देहरादून

20 सूत्री कार्यक्रम एवं टास्क फोर्स योजनाओं की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी।

देहरादून, बृहस्पतिवार, 14 सितंबर 2023 पेज 8

हमारा दून



## संक्षिप्त समाचार

### कोरोनेशन की इमरजेंसी में शराब पीकर हंगामा करने वाले पर मुकदमा

**संवाददाता** देहरादून। कोरोनेशन अस्पताल की इमरजेंसी में शराब पीकर हंगामा करने वाले पर डालनवाला थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। इंस्पेक्टर डालनवाला राजेश साह ने बताया गौरव कुमार निवासी आईडीपीएल कॉलोनी, ऋषिकेश ने तहरीर दी। बताया कि वह और उसके कुछ साथी कोरोनेशन अस्पताल में इमरजेंसी में आठ सितंबर की रात इंटर्न ड्यूटी कर रहे थे। डा. गोरंग जोशी वहां तैनात थे। आरोप है कि इस दौरान निशांत तिवारी नाम का व्यक्ति शराब पीकर आया अस्पताल स्टाफ के काम को प्रभावित करने लगा।

### एसटीएफ ने आधा किलो स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार किया

**संवाददाता** देहरादून। एसटीएफ की एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स ने 550 ग्राम स्मैक के साथ एक तस्कर गिरफ्तार किया है। तस्कर बरेली से स्मैक लेकर दून आ रहा था। उसे हरिद्वार के श्यामपुर थाना क्षेत्र में एसटीएफ ने मंगलवार रात गिरफ्तार किया। स्मैक मिलने पर श्यामपुर थाने में आरोपी पर नशा तस्करी का केस दर्ज कराया गया है। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बुधवार दोपहर अपने कार्यालय में प्रेसवार्ता की। उन्होंने बताया कि बरेली से स्मैक लेकर एक तस्कर के दून आने की सूचना मिली। एएनटीएफ टीम ने श्यामपुर थाना पुलिस को साथ लेकर वहां चेकिंग की।

### जोशी ने किया नेपाली अभिनेत्री नीतू कोयरेला व गायिका रितु कंडेल का सम्मान

**संवाददाता** देहरादून। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने हाथीबड़कला स्थित कैंप कार्यालय में नेपाल की प्रसिद्ध अभिनेत्री नीतू कोयरेला और नेपाल की गायिका रितु कंडेल को पुष्प गुच्छ व ऐपण कलाकृति भेंट कर सम्मानित किया। नेपाल की ये दोनों कलाकार बीते दिनों जसवंत सिंह ग्राउंड गढ़ी कैंट में गोर्खाली हरितालिका तीज कमेटी के तीजोत्सव में शामिल हुई थी। जिसके उपरांत मंत्री गणेश जोशी ने नेपाल से पहुंची अभिनेत्री नीतू कोयरेला गायिका रितु कंडेल को सम्मानित किया।

### एनएसई के एमडी और सीईओ ने निफ्टी 50 के 20,000 अंक पार करने पर साझा किए विचार

**संवाददाता** देहरादून। निफ्टी 50 – भारत का पसंदीदा स्टॉक इंडेक्स आज 20,000 अंक के ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण पॉइंट पर पहुंच गया। निफ्टी 50 को 1,000 की शुरुआती संख्या में लॉन्च किया गया था, और पिछले 27 वर्षों में निफ्टी 50 की प्रगति यह दर्शाती है कि भारतीय और विदेशी निवेशक भारत के निष्पक्ष, कुशल, पारदर्शी और कम लागत वाले पूंजी बाजार और इसकी नियामक, कानूनी प्रणाली में पूरा भरोसा रखते हैं।

# 18 और 19 को होने वाले मेले के आयोजन स्थल में सभी व्यवस्थाएं सुचारू के निर्देश

**निर्देश**

■ डीएम की अध्यक्षता में जागड़ा मेले की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में की गई बैठक आयोजित



**संवाददाता**

देहरादून। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में चालदा महासू महाराज मन्दिर आयोजित होने वाले जागड़ा मेले की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि 18 एवं 19 सितम्बर 2023 को आयोजित होने वाले मेले के आयोजन स्थल हनोल एवं दसोऊ में सभी व्यवस्थाएं सुचारू की जाएं। उन्होंने लोनिवि, पीएमजीएसवाई, राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को सड़क एवं वैकल्पिक मार्ग ठीक करने तथा सड़कों की सफाई के निर्देश दिए। इस वर्ष मेले/जागड़े में 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना का दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। उन्होंने पुलिस को यातायात के साथ ही कर्यक्रम स्थल एवं मार्गो पर सुरक्षा व्यवस्था बनाने तथा बेहतर यातायात व्यवस्था के लिए यातायात पुलिस का भी सहयोग लिये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने आयोजन स्थलों मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने, अग्निशमन वाहन रखने के निर्देश दिए तथा पार्किंग हेतु समीप ही स्थान चिन्हित करने को कहा। विद्युत विभाग को निर्बाध विद्युत व्यवस्था तथा विद्युत के वैकल्पिक व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को यात्रा मार्ग पर छोटे सवारी वाहनो की व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को त्यूनी एवं नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं उप जिला चिकित्सालयों में व्यवस्था रखने तथा कार्यक्रम स्थल पर मय चिकित्सकीय टीम के साथ एम्बुलेंस तैनात रखने के निर्देश दिए। मन्दिर समिति को आयोजन स्थल पर सफाई व्यवस्था के साथ ही जगह–2 कूड़ादान रखने तथा मोबाईल शौचालय की व्यवस्था रखने के निर्देश पर्यटन विभाग को दिए। जल संस्थान को आयोजन स्थलों पर पेयजल व्यवस्था रखने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कमलेश उपाध्याय, उप जिलाधिकारी मुख्यालय शालिनी नेगी, उप जिलाधिकारी चकराता युक्ता मिश्रा, मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रदीप रावत, जिला पर्यटन विकास अधिकारी सुशील नौटियाल, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ नरेन्द्र यादव, मुख्य अग्निशमन अधिकारी वी.बी यादव, मन्दिर समिति के सदस्य चन्दनराम राजगुरु, राजाराम शर्मा, जितेन्द्र सिंह चौहान सहित लोनिवि, पीएमजीएसवाई, विद्युत, संस्कृति, जल संस्थान आदि सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### लॉजिस्टिक्स के विकास में रोपवे निभा सकते हैं महत्त्वपूर्ण भूमिका

**संवाददाता** देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने बुधवार को सचिवालय में कटाई उपरांत सेब भंडारण एवं पारगमन उन्नयन हेतु योजना Scheme for upgradation of Post Harvest Apple Logistic 'अधिकारियों के साथ बैठक ली। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सेब की फसल के उत्पादन उपरान्त पारगमन और भंडारण हेतु बनाए जाने वाली पॉलिसी में ड्रोन तकनीक के प्रयोग के साथ ही रोपवे और शीतगृहों के निर्माण पर गंभीरता से ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि मैदानी क्षेत्रों में शीत गृहों का संचालन बिजली के बिलों का अत्यधिक खर्च से व्यवहार्य नहीं रहता। उत्तराखण्ड का पर्वतीय वातावरण शीतगृहों में बिजली के कम खर्च से इन्हें अत्यधिक व्यवहार्य बना देगा। इसलिए आने वाली पॉलिसी में शीतगृहों के निर्माण में निजी क्षेत्र के लोगों को आकर्षित करने हेतु प्रावधान किए जाने की आवश्यकता है। सीएस ने कहा कि लॉजिस्टिक्स के विकास में रोपवे महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। ऑफ सीजन में यह रोपवे अन्य कार्यों में प्रयुक्त किए जा सकते हैं। आने वाले वर्षों में उन्नत ड्रोन तकनीक पारगमन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली है।

# सार्वजनिक यातायात व्यवस्था को मजबूत किया जाए: सीएस

**बैठक**

■सीएस ने यूनिफाइड मेट्रोपोलिटन ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी की ली बैठक



**संवाददाता**

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु ने सचिवालय में देहरादून में यातायात संकुलन को कम करने को लेकर यूनिफाइड मेट्रोपोलिटन ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी (यूएमटीए) की बैठक ली। मुख्य सचिव ने कहा कि देहरादून की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए समग्र दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है। यातायात संकुलन को कम करने के लिए हर प्रकार के छोटे से लेकर बड़े और महत्त्वपूर्ण कदम उठाए जाने की आवश्यकता है।

मुख्य सचिव ने कहा कि यातायात संकुलन को कम करने के लिए सार्वजनिक यातायात व्यवस्था को मजबूत किया जाए। उन्होंने कहा कि हमें इस स्तर की यातायात व्यवस्था आमजन को देनी है कि यात्री को शहर के एक बिंदु से दूसरे बिंदु तक जाने में मात्र 200 से 300 मीटर से अधिक पैदल न चलना पड़े और वाहन बदलने पर 5 से 7 मिनट्स से अधिक का इंतजार न करना पड़े। इसके साथ ही अन्य बिंदुओं पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यातायात संकुलन के मुख्य स्थानों को चिन्हित कर उन तिराहों और चौराहों के सुधारीकरण का कार्य किया जाए।

मुख्य सचिव ने यातायात संकुलन कम करने के लिए प्रवर्तन को सख्ती से लागू करने पर जोर देते हुए कहा कि पार्किंग सुविधाओं को बढ़ाए जाने और नो पार्किंग जोन में वाहन खड़ा करने पर अधिक से अधिक चालान किए जाने से काफी हद तक यातायात संकुलन को कम किया जा सकता है। उचित स्थान और उपयोगिता के अनुसार अंडर पास और फुट ओवर ब्रिज, एलिवेटेड रोड, रोप–वे और पीआरटी जैसी सेवाओं को कहां कहां शुरू किया जा सकता है, इस पर योजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि बाईपास सड़कों के निर्माण से भी काफी हद तक यातायात दबाव कम किया जा सकता है।

### मुख्य विकास अधिकारी ने 20 सूत्री कार्यक्रम एवं टास्क फोर्स योजनाओं की समीक्षा की

**संवाददाता** देहरादून। मुख्य विकास अधिकारी, सुश्री झरना कमठान की अध्यक्षता में आज विकासभवन सभागार में जिला योजना /राज्य सेक्टर/केन्द्र पोषित/बाह्य सहायतित योजना/20 सूत्री कार्यक्रम एवं टास्क फोर्स योजनाओं से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक आहूत की गई। जिला योजना–वित्तीय वर्ष 2023–24 में जिला योजनान्तर्गत अनुमोदित परिव्यय र 9207.91 लाख के सापेक्ष जनपद स्तर से 306928 लाख धनराशि विभिन्न विभागों को अवमुक्त की गयी है। अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष आतिथि तक 2250.69 लाख की धनराशि व्यय की गयी है, जो कि अवमुक्त धनराशि का 73.33 प्रतिशत है। विभागवार समीक्षा करने पर पाया गया कि पूल्ड आवास, भेषज, सूचना विभाग, उद्यान विभाग, वन विभाग, मत्स्य एवं लोक निर्माण विभाग की प्रगति 50 प्रतिशत से कम पायी गयीं।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादक: प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालय:**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून
ही मान्य होगा।